Resolution regarding Conduct and Behaviour of the Members of Opposition parties-adopted

रक्षा मंत्री **(**श्री राज नाथ सिंह**):** अध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं:

?कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर जब चर्चा हो रही थी और प्रधानमंत्री जी का संबोधन चल रहा था, तब जिस प्रकार से विपक्ष के द्वारा संसदीय मर्यादाओं को लगातार तार-तार किए जाने के कृत्य की यह पूरा सदन भर्त्सना करता है ।?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मैंने सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दिया है । सभी दलों को देर रात्रि तक बोलने का अवसर दिया गया । प्रतिपक्ष के नेता को 90 मिनट से ज्यादा बोलने का अवसर दिया, लेकिन माननीय सदस्य यह व्यवहार संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** आपका यह आचरण, आपका व्यवहार न तो संसदीय आचरण के अनुकूल है और न ही देश के लोकतंत्र के लिए उचित है । आज देश देख रहा है, जब माननीय सदन के नेता माननीय प्रधान मंत्री जी अपनी बात कह रहे थे तो प्रतिपक्ष नेता और अन्य माननीय सदस्य वेल में आकर बोल रहे थे । यह संसदीय परंपराओं के अनुरूप उचित नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** मैं अपेक्षा करता हूं, संसद नियम और प्रक्रियाओं से चलती है, आपकी पार्टी को आपके समय से ज्यादा समय दिया ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** सभी को अपनी पार्टी के समय से ज्यादा समय दिया, देर रात तक समय दिया, एक ही पार्टी के लोगों को बोलने भी दिया । यह गलत तरीका है, उचित नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय गृह मंत्री जी ।

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : मान्यवर, रक्षा मंत्री जी ने जो प्रस्ताव रखा है, इसका मैं अनुमोदन करता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि इसको स्वीकृत करने के लिए सदन के सामने रखा जाए ।

माननीय अध्यक्ष**:** प्रश्न यह है:

?कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर जब चर्चा हो रही थी और प्रधानमंत्री जी का संबोधन चल रहा था, तब जिस प्रकार से विपक्ष के द्वारा संसदीय मर्यादाओं को लगातार तार-तार किए जाने के कृत्य की यह पूरा सदन भर्त्सना करता है ।?

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ</u>

__________ -

-

<u>18.32 hrs</u>